<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में कल साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिये तस्वीरें साझा कर किया श्रद्धालुओं का अभिनंदन
- अयोध्या की तरह होगा चित्रकूट धाम का विकास, मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से अस्सी एकड़ भूमि पर बनेगा रामायण एक्सपीरियंस पार्क
- अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए भाजपा ने भी घोषित किया प्रत्याशी, सत्रह जनवरी तक चलेगा पर्चा दाखिला, पांच फरवरी को है उपचुनाव
- कड़ाके की ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित, आज और कल प्रदेश में कई जगहों पर बूंदाबांदी और बारिश के भी हैं आसार

**********

मकर संक्रांति पर्व पर पहले अमृत स्नान में महाकुंभ नगर में करीब साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने कल देर शाम तक स्नान और पूजा पाठ किया। इस दौरान तेरह अलग अलग अखाड़ों के साधु संतों ने भी अपने अपने लिए निर्धारित समय पर अमृत स्नान किया। श्रद्धालुओं और साधु संतों पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई। सुबह और शाम लोग बड़ी संख्या में गंगा आरती में भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रथम अमृत स्नान की तस्वीरें साझा करते हुए श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रथम अमृत स्नान के सकुशल सम्पन्न होने पर सभी अखाड़ों, श्रद्धालुओं और व्यवस्था से जुड़े सभी सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को साधुवाद दिया। महाकुंभ में पहले दो दिनों में ही पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि इस बार महाकुंभ में पचास करोड़ से अधिक लोग आएंगे और इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी काफी अच्छा असर पड़ेगा।

***और हमारी मानना यह है कि पिछली बार पच्चीस करोड़ लोग आए थे । इस बार पचास करोड़ से अधिक ही लोग आएंगे। ये भी एक अनुमान लगाया जा रहा है कि इनकोनॉमिक साइड पर कुंभ से वन परसेंट जीडीपी परफर्क पड़ेगा। वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य प्रदेश का माननीय मुख्यमंत्री जी ने रका है। फाइव ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य माननीय प्रधानमंत्री जी ने रखा जो है वह अचीव तो होगा ही। उत्तर प्रदेश भी विशेष योगदान देगा।***

इस बार, महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को भाषा अनुवाद प्लेटफार्म की भी सुविधा मिल रही है। पेश है एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को भाषा अनुवाद प्लेटफार्म भाषणी के जरिए ग्यारह विभिन्न की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इस प्लेटफार्म के डिजीटल खोया पाया समाधान के जरिए लोग अपनी भाषाओं में खोयी या पायी वस्तुओं का विवरण दर्ज कर रहे हैं। तो वहीं आसान संवाद के लिए वास्तविक समय में दर्ज की गयी विवरण का अनुवाद भी हो रहा है। इसके जरिए अधिकारियों के साथ निर्वाद संवाद भी स्थापित हो रहा है। एआई संचालित बहुभाषी चैटबोट कुंभ सहायक को महाकुंभ के दौरान लाखों आगनतुकों की सहायता के लिए डिजाइन किया गया है। कुंभ सहायक का उद्देश्य तीर्थ यात्रियों को मार्गो की सही जानकारी प्रदान करने के साथ साथ महाकुंभ दो हजार पचीस के अनुभव को भी बेहतर बनाना है। भाषणी मोबाईल ऐप के वार्तालाप सुविधा के जरिए श्रद्धालुओं को इस बड़े आयोजन में उत्तर प्रदेश पुलिस की एक एक दो आपातकालीन हेल्पलाइन के साथ सहज संचार की सुविधा भी मिल रही है। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार महाकुंभनगर प्रयागराज***

महाकुंभ छब्बीस फरवरी तक चलेगा।

**********

मकर संक्रांति का पर्व कल पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में कल इस त्योहार पर करीब पंद्रह लाख श्रद्धालुओं ने गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाई। गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सबसे पहले खिचड़ी चढ़ा कर गोरखनाथ मंदिर में इस उत्सव का शुभारंभ किया। वहां खिचड़ी चढ़ाने आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। अयोध्या, आगरा, अमरोहा, महराजगंज, देवीपाटन, कुशीनगर और वाराणसी समेत प्रदेश के कई तीर्थस्थलों और पवित्र नदियों में कल श्रद्धालुओं ने स्नान कर मकर संक्रांति के मौके पर पूजा अर्चना की।

**********

मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रदेश के चित्रकूट जिले के राजोला गांव में अस्सी एकड़ भूमि पर रामायण एक्सपीरियंस पार्क बनाया जाएगा। इस पार्क में प्रभु श्रीराम की एक सौ इक्यावन फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मध्य प्रदेश सरकार ने इसके लिए

सात सौ पचास करोड़ का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार किया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कल चित्रकूट में कहा कि चित्रकूट धाम का अयोध्या की तरह विकास होगा और इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

***आज विकास को लेकर बड़ी बैठक भी आयोजित की गई। विभाग ने कई प्रकार के विकास के कार्यों का प्रस्ताव अपना एक प्लान भी दिया है। कई और सुझाव भी आए हैं इसमें। चित्रकूट की महिमा और पुराना गौरव, पुराना वैभव, सबको जोड़ कर और अच्छे से भूमिका बन कर निकल कर के आए। मैं उम्मीद करता हूं कि जिस ढंग से प्लान बना है और आने वाले समय में दिये गये सुझावों को जोड़ कर हम चित्रकूट को भगवान राम का वह जो ऐतिहासिक काल है, उस काल को जोड़ते हुए इसका वैभव फिर स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।***

चित्रकूट में रामायण से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों के विकास की भी तैयारी है। हनुमान धारा में तीन हजार सात सौ पचास वर्गमीटर क्षेत्रफल में चौबीस करोड़ की लागत से मल्टी फैसिलिटी सेंटर स्थापित किया जाएगा।

**********

भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय चुनाव समिति ने अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को वहां से प्रत्याशी बनाया है। प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी इस सीट पर अजीत प्रसाद को चुनाव लड़ा रही है। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये सत्रह जनवरी तक नामांकन दाखिल किये जा सकते है। इस सीट पर पांच फरवरी को वोटिंग और आठ फरवरी को मतगणना होगी।

**********

कल सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदेश के कुशीनगर जिले में कल वीर नारियों और पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। मथुरा और शामली जिले में भी कल इस मौके पर अलग अलग कार्यक्रमों के आयोजन किये गये।

**********

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे से जनजीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रदेश के अमरोहा, बदायूं और मैनपुरी समेत कई जिले कल शाम ढलने के साथ ही कोहरे से ढक गए। इसके कारण दृश्यता काफी कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही। ठंड को देखते हुए एटा, चंदौली, अमरोहा, फर्रुखाबाद और आजमगढ़ में आज भी स्कूल बंद रखे गए हैं। उन्नाव जिले में स्कूलों का समय आज से बदल दिया गया है । वहीं, गौतम बुद्ध नगर जिले में बेसिक शिक्षा विभाग ने आज से स्कूल खोल कर नियमित कक्षाओं के संचालन का आदेश दिया है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी और कहीं कहीं बारिश की भी संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बहराइच और तराई वाले इलाकों समेत कई जिलों में कोहरे का असर बना रहेगा।

***आने वाले दिनों की बात करें तो अभी मॉर्निंग आवर में घना कोहरा अभी ये कन्टीन्यू रहेगा। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आने वाले दिनों में कोहरा की स्थिति बनी रहेगी। तापमान की बात करें तो तापमान जैसा चल रहा है थोड़ा सा जो बादलों की आवा जाही रहेगी वहां तापमान में थोड़ी सी कमी आयेगी। बाकी तापमान अपने सामान्य की तरफ रहेगा। दिन में हल्की हल्की धूप खिली रहेगी और रात की तापमान की बात करें तो फिर रात का तापमान अपने सामान्य की स्तर पर बना रहेगा।***

प्रदेश के कुछ जिलों में अभी एक सप्ताह तक सुबह और शाम कोहरा बना रहेगा।

**********